Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to make permanent the services of doctors and healthcare workers employed on contract basis under Rashtriya Swasthya Mission.

श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना): महोदय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005 से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का संचालन किया जा रहा है जिसमें संविदा पर चिकित्सकों की भर्ती होती है। कोरोना महामारी के समय स्वास्थ्य सुविधाएं बाधित हुई थीं और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी डॉक्टर और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी चिंता ना करते हुए मरीज़ों की सेवा की और कोरोना की हर लहर से लड़ने में अग्रणी भूमिका निभाई। भारत सरकार के अथक प्रयासों से आज देश में कोरोना के मामले बहुत कम हैं और टीकाकरण अभियान ही 184 करोड़ तक पहुँच गया है। विभिन्न राज्यों में कोरोना के मरीज़ों की कमी के कारण संविदा पर नियुक्त हुए इन चिकित्सकों की सेवाओं को समाप्त करने के आदेश दिए जा रहे हैं जिससे ये चिकित्सक बेरोज़गार हो जाएंगे। मेरा सरकार से आग्रह है कि लाखों की संख्या में नियुक्त हुई इन चिकित्सकों और कर्मचारियों की मेहनत को सम्मानित करने हेतु इनकी सेवाओं का नियमितीकरण के साथ इनको नियुक्त किये गए पदों पर स्थायी नौकरियां दी जाए जिससे हमारे देश के doctor-patient ratio को सुधारा जा सके और जनता को अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित ना रहना पड़े और आयुष्मान भारत का सपना साकार हो।